देहरादून,पौड़ी-गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित | www.page3news.in | नगर संस्करण वर्ष 14 अंक: 254 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

# पेज थ्री

देहरादून, रविवार, 17 नवंबर 2019


**रविवासरीय...**सुहाना खान कर सकती है डेब्यू





मौसम अधिकतम 27.0° न्यूनतम 14.0°

40356.69

2 ऐसे दोहरे मापदंड कभी नहीं देखेः ट्रंप

7 फास्ट बोलरों का ड्रीम कॉम्बिनेशनः विराट

# संसद में नागरिकता विधेयक पर आगे बढ़ेगी सरकार

## सोमवार से हो रही सत्र की शुरुआत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। संसद के शीतकालीन सत्र से पहले सरकार आज सभी दलों के साथ मिलकर बैठक कर रही है। दरअसल, राम मंदिर पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद यह सत्र हो रहा है। ऐसे में इस मुद्दे पर इस गंभीर चर्चा देखने को मिल सकती है। इसके अलावा विपक्षी दलों की ओर से आर्थिक सुस्ती को भी मुद्दा बनाया जा सकता है। इस मीटिंग में लोकसभा स्पीकर ओम बिरला और संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी भी मौजूद हैं।

मोदी सरकार सोमवार से शुरू होने जा रहे संसद के शीतकालीन सत्र में विवादास्पद नागरिकता (संशोधन) विधेयक को पारित कराने पर जोर दे सकती है। विधेयक में पड़ोसी देशों से आने वाले गैर–मुस्लिम शरणार्थियों को राष्ट्रीयता प्रदान करने का प्रावधान है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि सरकार ने इस सत्र के कामकाज में इस विधेयक को सूचीबद्ध किया है।



बीजेपी के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार ने पिछले कार्यकाल में भी विधेयक पेश किया था, लेकिन विपक्षी दलों के कड़े विरोध के कारण पारित नहीं हो सका था।

विपक्षी दलों ने विधेयक को धार्मिक आधार पर भेदभावपूर्ण बताया था। पिछली लोकसभा के भंग होने के बाद विधेयक निष्प्रभावी हो गया था।

# कांग्रेस के खिलाफ सड़क पर बीजेपी दिल्ली से कोलकाता तक प्रदर्शन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। राफेल मामले में सुप्रीम कोर्ट का फैसला आने के बाद बीजेपी ने कांग्रेस और राहुल गांधी के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। शनिवार को बीजेपी कार्यकर्ताओं ने दिल्ली से लेकर पश्चिम बंगाल तक कांग्रेस के खिलाफ प्रदर्शन किया। सुप्रीम कोर्ट से राफेल पुनर्विचार याचिकाओं के खारिज होने के बाद बीजेपी कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी से माफी मांगने की मांग की। दिल्ली में बीजेपी कार्यकर्ताओं ने सीएम अरविंद केजरीवाल के खिलाफ भी प्रदर्शन किया और राफेल मामले में उनसे भी माफी की मांग की।

गौरतलब है कि सुप्रीम कोर्ट ने राफेल सौदा मामले में केन्द्र सरकार को क्लिन चिट देने वाले अपने फैसले के खिलाफ दायर पुनर्विचार याचिका को गुरुवार को खारिज कर दिया।

बीजेपी का कहना है कि शीर्ष अदालत के फैसले ने कांग्रेस नेता और उनकी पार्टी के कोरे झूठ को सामने ला दिया है।

### दिल्ली में पुलिस से झड़प भी

शनिवार को बीजेपी कार्यकर्ताओं ने दिल्ली से लेकर कोलकाता तक कांग्रेस के खिलाफ प्रदर्शन किया। पश्चिम बंगाल में प्रदर्शन के दौरान बीजेपी कार्यकर्ता उग्र हो गए। उन्होंने सड़क पर लगे राहुल गांधी के पोस्टर तक फाड़ दिए। वहीं, नई दिल्ली में बीजेपी कार्यकर्ताओं ने सीएम अरविंद केजरीवाल के खिलाफ प्रदर्शन किया। इस दौरान उनकी पुलिस से भी तीखी झड़प हुई।



### सोनिया-राहुल पर लगाया तथ्य छिपाने का आरोप

केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने सोनिया गांधी और राहुल गांधी का नाम लिए बिना दोनों पर देश से तथ्य छिपाने के आरोप लगाए। उन्होंने कहा, आपने कभी लेनदेन और संपत्ति को लेकर जानकारी नहीं दी।

## संक्षिप्त समाचार

### आर्थिक सुस्ती पर 30 नवंबर को रैली करेगी कांग्रेस

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। देश की अर्थव्यवस्था को लेकर केंद्र सरकार पर हमलावर विपक्षी कांग्रेस पार्टी आर्थिक सुस्ती को लेकर 30 नवंबर को रामलीला मैदान में एक रैली का आयोजन करेगी। बीते कई दिनों से कांग्रेस देश की अर्थव्यवस्था में आई सुस्ती को लेकर सरकार पर निशाना साध रही है। इसी कड़ी में पिछले दिनों कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी और अध्यक्ष सोनिया गांधी ने भी सरकार की आलोचना की थी। आर्थिक सुस्ती को लेकर कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने मोदी सरकार पर निशाना साधते हुए ट्विटर पर कहा, ओला–ऊबर थ्योरी और फिल्म हिट थ्योरी के बुरी तरह से फ्लॉप होने के बाद अब सरकार की वित्त मंत्री ने मंदी के बारे में कबूलनामा दिया है।

### सीएम योगी ने स्वाति सिंह को तलब कर मांगी सफाई

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

लखनऊ। धोखाधड़ी के 150 से ज्यादा मामलों में जांच का सामना कर रहे अंसल के लिए कथित तौर पर पैरवी करना और सीओ को धमकाना राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) स्वाति सिंह को भारी पड़ रहा है। शनिवार को सीएम योगी आदित्यनाथ ने वायरल ऑडियो को लेकर मंत्री स्वाति सिंह को तलब किया और सफाई मांगी।

### विमान मिग–29के क्रेश, दोनों पायलट सुरक्षित

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

पणजी। गोवा में नौसेना का लड़ाकू विमान मिग–29 के दुर्घटनाग्रस्त हो गया है। जानकारी के मुताबिक प्रशिक्षण मिशन के लिए रवाना होने के तुरंत बाद मिग–29के लड़ाकू विमान गोवा में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। दोनों पायलट सुरक्षित बाहर निकलने में कामयाब रहे हैं। नौसेना के प्रवक्ता कमांडर विवेक मधवाल ने बताया, मिग–29 के ट्रेनर विमान के इंजन में आग लग गई।

# केंद्र सरकार ने जारी की पानी की रैंकिंग

## मुंबई का पानी सबसे बेहतर, दिल्ली का पानी सबसे खराब

- स्वच्छ पानी के लिहाज से दिल्ली देशभर के 21 शहरों में फिसड्डी साबित हुआ है
- पानी की गुणवत्ता जांच का काम आगे भी जारी रहेगाः रामविलास पासवान

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। दिल्ली की हवा ही नहीं पानी भी बदतरीन है। केंद्र सरकार ने देशभर के 21 शहरों के पानी के नमूनों की जांच के बाद बताया कि मुंबई का पानी सर्वोत्तम है तो दिल्ली का पानी सबसे खराब। केंद्रीय उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्री राम विलास पासवान ने आज पानी की गुणवत्ता के आधार पर देश के 21 शहरों की लिस्ट जारी की है।



### बीआईएस ने रखे थे 10 मानक

केंद्र सरकार ने ब्यूरो ऑफ इंडियन स्टैंडर्ड्स (बीआईएस) को देशभर के विभिन्न शहरों से पानी के नमूने एकत्र कर उनकी जांच करने और उसके अनुरूप शहरों की रैंकिंग जारी करने का जिम्मा दिया था। पासवान ने आज पानी की गुणवत्ता की रिपोर्ट और रैंकिंग जारी करने के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए बताया कि पानी के नमूनों की जांच 10 मानकों पर की गई। पासवान ने कहा कि मुंबई का पानी हर मानक पर पास हुआ है।

वहीं, इन मानकों पर अन्य सभी शहरों के मुकाबले दिल्ली का सबसे खराब प्रदर्शन रहा। मंत्री ने कहा, हम किसी सरकार को दोष नहीं दे रहे हैं। दिल्ली सरकार यह समझे कि हम इस मुद्दे पर राजनीति नहीं कर रहे हैं, बल्कि हमारा मकसद लोगों तक साफ पानी पहुंचाना है।

### रैंकिंग में कहां, कौन सा शहर

इस लिस्ट में टॉप पांच शहर के तौर पर क्रमशः मुंबई, हैदराबाद, भुवनेश्वर, रांची और रायपुर उभरे हैं। वहीं, बाकी शहरों में क्रमशः अमरावती, शिमला, चंडीगढ़, त्रिवेंद्रम, पटना, भोपाल, गुवाहाटी, बेंगलुरु, गांधीनगर, लखनऊ, जम्मू, जयपुर, देहरादून, चेन्नै, कोलकाता, दिल्ली का स्थान है।

### जारी रहेगा गुणवत्ता परीक्षण

पासवान ने कहा कि पानी का गुणवत्ता परीक्षण आगे भी जारी रहेगा। पासवान ने बताया कि आगे पीने के पानी की जांच तीन चरणों में की जाएगी। पहले चरण में सभी राजधानियों के पानी की जांच की जाएगी। दूसरे चरण में स्मार्ट सिटी के पानी की जांच की जाएगी। तीसरे चरण में सभी जिलों में पीने के पानी की जांच की जाएगी।

### हर घर को स्वच्छ जल अभियान

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि वह हर घर तक साफ पानी पहुंचाने के प्रधानमंत्री मोदी के अभियान की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा, श्पीएम मोदी ने कहा था कि हम 2024 तक हर घर में साफ पानी पहुंचाएंगे। हमारी सरकार इस दिशा में काम कर रही है।


**Are you Planning to make a Website or already have ?**

*If yes, then we are here to serve you*

**What we do**

**Website Development**
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.

**Promotion & Branding**
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS

**Search Engine Optimisation**
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.

Contact:
**Gadoli Media Ventures**
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. | Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in


# कानून उल्लंघन के मिले सबूत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

बेंगलुरु। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मानवाधिकार के लिए काम करने वाली संस्था एमनेस्टी के बेंगलुरु और दिल्ली स्थित दफ्तरों पर सीबीआई ने छापेमारी की है। एमनेस्टी इंटरनैशनल ग्रुप पर नियमों का उल्लंघन करते हुए विदेशी फंडिंग हासिल करने का आरोप है। छापेमारी के बाद सीबीआई ने कहा है कि बरामद किए दस्तावेजों की अब तक की जांच से स्पष्ट है कि संगठन कुछ ऐसी गतिविधियों में लिप्त है, जो कानूनी तौर पर गलत हैं।

### एमनेस्टी इंटरनैशनल के ठिकानों पर रेड

सीबीआई के सूत्रों ने छापेमारी के बारे में बताया, एमनेस्टी इंटरनैशनल के खातों और दस्तावेजों की जांच से पता चला है कि कंपनी किसी तरह के प्रॉफिट कमाने के काम में नहीं थी, लेकिन कुछ ऐसे काम संचालित किए जा रहे थे जो एफसीआरए के कानूनों का उल्लंघन है। एमनेस्टी इंटरनैशनल ग्रुप पर नियमों का उल्लंघन करते हुए विदेशी फंडिंग हासिल करने का आरोप है।